# 2025

## HINDI — MDC

**Paper : CC-4**

**(Hindi Kahani)**

**Full Marks : 75**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

## (हिंदी कहानी)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) दिलफिगार ने मेंहदी-रची हथेलियों को चूमते हुए खून का कतरा उस पर रख दिया और उसकी पूरी कैफियत पुरजोश लहजे में कह सुनायी। वह खामोश भी न होने पाया था कि यकायक यह सुनहरा परदा हट गया और दिलफिगार के सामने हुस्न का एक दरबार सजा हुआ नज़र आया, जिसकी एक-एक नाजनीन जुलेखा से बढ़कर थी।

(ख) उसके मन में फिर पुरानी लालसा झांकी, रेलगाड़ी पर सवार होकर, गीत गाते हुए जगन्नाथ-धाम जाने की लालसा। उलटकर अपने खाली टप्पर की ओर देखने की हिम्मत नहीं होती है। पीठ में आज भी गुदगुदी लगती है। आज भी रह-रहकर चंपा का फूल खिल उठता है, उसकी गाड़ी में।

(ग) किसी चीज को न जानना यदि गलत है, तो जान-बुझकर न भूल पाना, हमेशा जोंक की तरह उससे चिपके रहना– यह भी गलत है। बर्मा से आते हुए मेरी पत्नी की मृत्यु हुई थी, मुझे अपनी जिंदगी बेकार-सी लगी थी। आज इस बात को अर्सा गुजर गया और जैसा आप देखती हैं, मैं जी रहा हूँ; उम्मीद है कि काफी अर्सा और जीऊंगा।

(घ) रात्रि में शहर का आभास कुछ पलों के लिए मर-सा गया है। उसको उम्मीद हुई कि किसी भी समय दूर या पास से कोई आवाज अकस्मात उठ आएगी, घड़ी टनटना जाएगी या किसी दौड़ती हुई ट्रक का तेज लंबा हार्न बज उठेगा और शहर का मरा हुआ आभास पुनः जीवित हो जाएगा।

(ङ) कहीं उसके अपने साथी शोहदों के टोलों को इशारा करके हँस रहे हैं। कहीं कूड़ा-करकट की तरह आदमियों की लाशें पड़ी है, कहीं उजाड़ पड़ी सड़कों पर नंगी औरतें; बीच-बीच में नारे-नारे और ऊँचे। और यूनस खाँ, जिसके हाथ कल तक खूब चल रहे थे, आज शिथिल हैं। शाम को लौटते हुए जल्दी-जल्दी कदम भरता है, वह अस्पताल नहीं, जैसे घर जा रहा है।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) 'पाली' कहानी में चित्रित सांप्रदायिक सद्भाव का विवेचन कीजिए।

(ख) "'उसने कहा था'— कहानी प्रेम, शौर्य और बलिदान की अद्भूत प्रेम कथा है"— इसकी समीक्षा कीजिए।

(ग) 'तीसरी कसम' कहानी के आधार पर फणीश्वरनाथ 'रेणु' की आँचलिकता की समीक्षा कीजिए।

(घ) कहानी कला के तत्वों के आधार पर 'मेरी माँ कहाँ' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ङ) "'मिस पाल' कहानी में आधुनिक मनुष्य जीवन की पीड़ा और महानगरीय समस्याओं का चित्रण मिलता है।"— कथन की पुष्टि कीजिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) प्रेमचंद उर्दू में किस नाम से लिखते थे?

(ख) 'लहना सिंह' किस कहानी का पात्र है?

(ग) नन्हकू सिंह कहाँ के रहने वाले थे?

(घ) 'तीसरी कसम' कहानी का दूसरा नाम क्या है?

(ङ) मिस पाल पेशे से क्या थी?

(च) 'फिरोजा' किस कहानी का पात्र है?

(छ) 'बदला' कहानी के लेखक कौन हैं?

(ज) दिलफिगार किस वस्तु को दुनिया में सबसे कीमती मानता है?

(झ) 'हार की जीत' कहानी के प्रमुख पात्र का नाम बताइये।

---